an>

Title: Need to provide crop loans to farmers in drought affected Marathwada region in Maharshtra.

प्रो. रविन्द्र विश्वनाथ गायकवाड़ (उस्मानाबाद) : अध्यक्ष महोदया, मैं महाराष्ट्र के उस्मानाबाद क्षेत्र से आता हूं। उस्मानाबाद, ,लातूर और सोलापुर, ये तीन डिस्ट्रिक्ट्स मेरे कार्य क्षेत्र में आते हैं। हम सुन रहे हैं कि बहुत सारी जगह बाढ़ आ रही हैं, लेकिन इन तीन डिस्ट्रिक्ट्स में जितनी बारिश होनी चाहिए, उतनी बारिश नहीं हुई है। वहां पीने के लिए पानी नहीं है। लोग टैंकरों से पानी पी रहे हैं। वहां एक भी तालाब में पानी नहीं है। वहां थोड़ा बीज डाला है, जिसमें कुछ पौधे आये हैं। अगर वहां बारिश नहीं हुई, तो वे पौधे भी खत्म हो जायेंगे।

अध्यक्ष महोदया, मेरी आपके माध्यम से सरकार से मांग है कि इस ओर केन्द्र सरकार को ध्यान देने की जरूरत है। सब तरफ बारिश हो रही है, लेकिन हमारे यहां सूखा है। हमारे यहां 1972 से सूखा चालू है। अगर यह सूखापन दूर करना है, तो कृष्णा, मराठवाड़ा रैली, जिसे राज्य सरकार ने डिक्लेयर किया है, उसे सैंट्रल गवर्नमैंट की तरफ से भी निधि देने की जरूरत है। धन्यवाद।

HON. SPEAKER:

Kunwar Pushpendra Singh Chandel is permitted to associate with the issue raised by Prof. Ravindra Viswanath Gaikwad.